हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, मंगलवार 16 दिसंबर 2025


तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री


14 ग्राम पंचायतों ने शुरू की जल संरक्षण की बड़ी पहल, नालों पर ...





13 एनएसएस विशेष शिविर में छठे दिन हुआ सांस्कृतिक...






## खबर संक्षेप

### युवक से तीन युवकों ने की मारपीट, मामला दर्ज

**बालोद।** पुरानी रंजिश के चलते तीन युवकों ने एक युवक से मारपीट कर दी। जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति ने तीन लोगो के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वार्ड क्रमांक 24 राधाकृष्ण मंदिर राजहरा निवासी चुम्मन ठाकुर ने पुलिस को बताया कि 09 दिसंबर को रात्रि करीबन 08 बजे मैं गायत्री मंदिर राजहरा के पास था। उसी समय सुमित नायक, दीपेश, सचिन मेरे पास आये और पुरानी बात को लेकर मुझे गाली गलौज कर धमकी देकर हाथ मुक्का एवं लाठी डंडा से मारपीट किया है, जिससे मेरे सिर, कंधा, पैर में चोंट आया है।

### जपं अध्यक्ष नें धान खरीदी केंद्र का किया निरीक्षण



**गुरूर।** जनपद पंचायत गुरूर अध्यक्ष सुनीता संजय साहू नें धान खरीदी केंद्र मिरऍटोला का निरीक्षण किया गया। इस दौरान अध्यक्ष सुनीता साहू ने धान के तौल का परीक्षण किया एवं तौलको से कहा किसी भी स्थिति में निर्धारित मात्र से अधिक मात्र में ना तौले, सुनीता साहू ने कहा तौलते समय ध्यान रखे कि धान जमीन मे ना गिरे। सुनीता साहू ने समिति प्रबंधक से धान की सुरक्षा को लेकर भी चर्चा की एवं कहा खरीदे गए धान की सुरक्षा की जिम्मेदारी आपकी है। इस दौरान अध्यक्ष के साथ संजय साहू, प्रबंधक सार्वा, प्राधिकृत अधिकारी द्वारिका सिंन्हा, पोखन साहू, घनश्याम साहू, बसंत साहू एवं कृषक गण उपस्थित थे।

### दो पक्षों में गाली गलौज व मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**बालोद।** पुरानी रंजीश के चलते दो पक्षो में गाली गलौज व मारपीट हो गई। जिसके बाद दोनों पक्षों के द्वारा एक दूसरे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। जिसमे पुलिस ने विभिन्न धाराओ के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वार्ड क्रमांक 15 केसरिया कॉलोनी अर्जुन्दा निवासी सन्नीजीत तिवारी ने पुलिस को बताया कि 11 दिसंबर को रात्रि करीबन 09 बजे कारगील चौक अर्जुन्दा मे हमारे मोहल्ले के रहने वाले ललित साहू मुझे देखते ही गाली गलौज करने लगा, जिसे मैने पुछा कि तुम मुझे गाली गलौज क्यो कर रहे हो तो ललित साहू आक्रोशित होकर धमकी देते हुए हाथ मुक्को से मेरे मुंह तथा बाया भुजा मे मार पीट किया है, जिससे मुझे चोट लगकर दर्द हो रहा है। पीड़ित व्यक्ति की रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ⏭ शेष पेज 13 पर

# धान खरीदी में कलेक्टर आदेश की अनदेखी, नोडल-निगरानी समिति नदारद, गुणवत्ता पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरूर

धान खरीदी को लेकर कलेक्टर का आदेश का पालन समितियों में नही हो रहा है। शासन व प्रशासन द्वारा नियुक्त जिम्मेदार समय पर समिति नही पहुंच रहे है, जो पहुंच भी रहे है तो कार्य के प्रति उनकी उदासीनता से समितियों में धान खरीदी सवालो के दायरे में है।

कलेक्टर ने सभी नोडल अधिकारियो को निर्देशित किया है कि सभी 8 बजे प्रातः खरीदी केन्द्रो में पहुंच जाए। लेकिन सोमवार को जब इसकी सच्चाई का परीक्षण किया गया तो स्थिति इससे भी ज्यादा अव्यवस्थित दिखी। नोडल तो समय पर पहुंचे ही नही, शासन द्वारा नियुक्त प्राधिकृत भी खरीदी कार्य के प्रति उदासीनता दिखे। सोमवार को सुबह सेवा सहकारी समिति बासीन, सेवा सहकारी समिति मोहारा व सेवा सहकारी समिति अरमरीकला में प्रातः 8 बजे नोडल खरीदी केन्द्र में नही पहुंचे। यहां निगरानी समिति के सदस्य भी नदारद दिखे। सेवा सहकारी समिति बासीन के प्रभारी प्रबंधक उत्तम प्रधान ने कहा 8:35 बजे तक नोडल सीएस ठाकुर नही पहुंचे है। बासीन समिति में प्रभारी उत्तम प्रधान ने अकेले ग्रेंडिग की, यहां प्राधिकृत अधिकारी आए थे, फिर चले गए। निगरानी समिति के सदस्यो के नही आने की जानकारी प्रभारी ने दी। सेवा सहकारी समिति मोहारा के प्रभारी नवेंद्र कुमार ने बताया नोडल अखिलेश अलेक्जेंडर है, जो दस बजे तक समिति में नही पहुंचे थे। ⏭ शेष पेज 13 पर

## 8 बजे पहुंचने के निर्देश हवा में, समितियों में अव्यवस्था

### ड्यूटी समय में मनमानी

सेवा सहकारी समिति अरमरीकला प्रभारी मोहिनी साहू ने कहा यहां नोडल वर्शा है जो भिलाई से आती है। 10:30 बजे तक नोडल समिति में नही पहुंची थी, बता दे कि अरमरीकला से भिलाई की दूरी लगभग 50 किलोमीटर है। मोहिनी साहू ने बताया निगरानी समिति के सदस्य आज नही आए थे। प्राधिकृत आए थे फिर चले गए। ग्रेडिग उसने की है। मोहिनी साहू ने बताया कि पूर्व में खरीदे गए धान की एंट्री नही हुई थी जिससे आज उसकी एंट्री होगी। जिससे सोमवार को 8000 कट्टा खरीदी होगी। सोमवार को 64 किसानो का टोकन कटा था। तीनों ⏭ शेष पेज 13 पर



### साफ सुथरा धान लाएं

मामले में बासीन समिति प्राधिकृत अधिकारी जितेन्द्र सांहड़ा कहते है मैं ग्रेडिग के समय ऐसे धान को साफ करने बोलकर गया था लेकिन किसान नही सुनते। मोहारा समिति प्रभारी नवेन्द्र कुमार ने कहा किसान ऐसा धान लाते है तो कैसे मना कर दे। अरमरीकला खरीदी प्रभारी मोहिनी साहू कहती है कि किसान मेहनत करते है, ऐसा धान तो आएगा ही, किसानो का धान नही लेंगे तो क्या करे। अरमरीकला प्राधिकृत अधिकारी पुरूशोत्तम गंगबेर ने कहा किसान ही ऐसा धान लाते है आज कुछ किसानों को धान साफ करने बोला था। ऐसा धान नही खरीदेंगे तो किसान विरोध करते है।

## हादसा

### पुलिस ने वाहनों को हटाकर यातायात कराया बहाल

# लौह अयस्क से भरे ट्रक और कार की टक्कर, दो युवकों की मौत, दो घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ डौंडी

लौह अयस्क भरकर जा रहे ट्रक और कार में भीड़त हो गई। इस भीषण सड़क हादसे में कार में बैठे दो युवकों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हैं। जिसके बाद पुलिस द्वारा दुर्घटनाग्रस्त दोनों गाड़ियो को सड़क से हटाकर यातायात बहाल किया गया।

मिली जानकारी के अनुसार यह हादसा डौंडी नगर के शासकीय कॉलेज के सामने रविवार रात की है। मिली जानकारी के अनुसार लौह अयस्क से भरा ट्रक भानुप्रतापपुर की ओर से रायपुर जा रहा था, जबकि आर्टिगा कार में सवार चार युवक दल्लीराजहरा से डौंडी की ओर आ रहे थे।

**घायलों को दल्लीराजहरा अस्पताल भेजा गया**

**पीछे बैठे दो युवक गंभीर अस्पताल में इलाज जारी**



इसी दौरान दोनों वाहनों के बीच आमने–सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि आर्टिगा कार के परखच्चे उड़ गए। डौंडी पुलिस के अनुसार कार में आगे बैठे आशु नायक 24 वर्ष और आकाश बोरकर 23 वर्ष की मौत हो गई है, जबकि पीछे बैठे दो अन्य युवकों का इलाज जारी है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आशु नायक की मौत मौके पर ही हो गई थी। वहीं आकाश बोरकर कार की ड्राइविंग सीट में बुरी तरह फंसा हुआ था। डौंडी पुलिस और स्थानीय राहगीरों ने कड़ी मशक्कत के बाद कार का दरवाजा तोड़कर उसे बाहर निकाला और तत्काल दल्लीराजहरा अस्पताल भेजा। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं पुलिस द्वारा हादसे के कारणो की जांच की जा रही है।

## गौ तस्करीः 6 बछड़ों को ठूंसकर ले जाते वाहन को गौ रक्षकों ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरूर

रात के अंधेरे में छोटा हाथी में ठूंस ठूंस कर भर 6 बछड़े को ले जाते गौरक्षको ने पकड़ पुलिस के हवाले किया। पकड़े गए तस्करो ने गौरक्षको पर मारपीट करने का आरोप लगाया, गुरूर पुलिस ने गौ तस्करो के खिलाफ कार्यवाही करने के साथ गौ रक्षको पर भी मामला कायम किया है। वहीं मामले में पशु तस्करी कर रहे वाहन को जप्त किया गया है।

- नियमों की अनदेखी कर गौवंश परिवहन, पुलिस ने पशु क्रूरता अधिनियम में दर्ज किया अपराध

6 दिसंबर को ग्राम भरदा में रात करीब 11:30 बजे छोटा हाथी में छः बछड़ो को ठूंस कर ले जाते हुए कुछ गौ रक्षको ने पकड़ा। गौ तस्कर बछड़े को करहीभदर बाजार में बेचने ले जाने की बात कह रहे थे। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गौ तस्करो के पास पंचायत द्वारा जारी खरीदी की पर्ची थी, लेकिन मौके पर उनके पास मवेशी लाईसेंस नही था। गौ तस्करो के पास मवेशी का स्वास्थ परीक्षण प्रमाण पत्र, परिवहन अनुज्ञा भी नही था।

मामले में बड़ा सवाल यह है कि जब गौवंश को बिक्री के लिए ले जा रहे थे तो रात के अंधेरे में जाने की क्या जरूरत थी, वही सभी नियमो की अनदेखी कर गौवंश का परिवहन करना कई सवाल खड़ा कर रहा है। बहरहाल मामले में पुलिस द्वारा ग्राम रांवा अर्जुनी थाना जिला धमतरी निवासी सतीश साहू 31 साल, बलराम साहू 45 वर्श एवं वेदप्रकाश साहू 30 वर्ष के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम की धारा 11 (1) (घ) के तहत मामला पंजीबद्व कर विवेचना की जा रही है।

उधर मवेशी तस्करो ने गौ रक्षको पर मारपीट करने का आरोप लगाया है, पुलिस ⏭ शेष पेज 13 पर

# चिखली की छात्रा तानिया व प्राची का राष्ट्रीय शालेय फुटबॉल स्पर्धा के लिए हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दल्लीराजहरा

**रांची (झारखंड) में होगा प्रदर्शनः 18 से 21 दिसंबर 2025 तक चलेगी राष्ट्रीय प्रतियोगिता**

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चिखली में कक्षा सातवीं में अध्ययनरत तानिया पोर्ते का चयन 69वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2025 के अंतर्गत 14 वर्ष आयु वर्ग की फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए हुआ है। यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता 18 दिसंबर 2025 से 21 दिसंबर 2025 तक रांची (झारखंड) में आयोजित की जाएगी।

रानी दुर्गावती फुटबॉल क्लब चिखली के सचिव एवं प्रशिक्षक चन्द्रशेखर पवार ने बताया कि तानिया क्लब की नियमित खिलाड़ी हैं और कक्षा चौथी से निरंतर फुटबॉल का प्रशिक्षण ले रही हैं। तानिया का चयन बालोद में आयोजित राज्य स्तरीय शालेय फुटबॉल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर किया गया है। वह अब शालेय फुटबॉल छत्तीसगढ़ टीम का प्रतिनिधित्व करेंगी। आयु वर्ग 17 वर्ष में प्राची पोर्ते का भी राष्ट्रीय स्तर के लिए चयन हुआ है।



दोनों बहनों का एक साथ राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन होना क्लब के लिए गौरव और सौभाग्य की बात है। तानिया के पिता पेशे से सेल्समैन हैं और वे अपनी छोटी बेटी को भी बड़ी बेटी की तरह एक उत्कृष्ट खिलाड़ी बनाना चाहते हैं। राष्ट्रीय शालेय फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए चयन होने पर जिला शिक्षा अधिकारी बालोद मधुलिका तिवारी, सहायक जिला खेल अधिकारी शिक्षा विभाग किशोर मेहरा, खेल समन्वयक बालोद सपन जेना, प्राचार्य शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चिखली विनीता सैनी, विकास खंड शिक्षा अधिकारी डौण्डी प्रवीण कुमार चतुर्वेदी, संजय ठाकुर, ग्राम सरपंच चिखली रम्हऊ राम, रामाधार साहू, तेजेश्वर भट्ट, चम्पालाल सागर, दिनेश किशन, जगप्रीत संधू, शाला के समस्त स्टाफ, ग्रामीणजन एवं क्लब के सभी खिलाड़ियों ने तानिया को हर्ष जाहिर किया है।


हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 812. कु. रुचिका शर्मा पिता\पति निरिश कुमार शर्मा पता- मेकाहारा रायपुर, 813. दीपक बावने पिता\पति श्याम बावने पता- प्रोफेसर कॉलोनी रायपुर, 814. पल्लवी सिन्हा पिता\पति योगेश सिन्हा पता- कुशालपुर रायपुर, 815. कौशल्या तिवारी पिता\पति स्व.श्री रामेश्वर प्रसाद तिवारी पता- आमापारा रायपुर, 816. सरिता पाल पिता\पति बिरबल पाल पता- संतोषी नगर रायपुर, 817. आरव रात्रे पिता\पति रामेश्वर रात्रे पता- सड्डु रायपुर, 818. ब्यास नारायण वर्मा पिता\पति स्व.राम लाल वर्मा पता- चंगोरा भाटा रायपुर, 819. अराफत खान पिता\पति अफसर खान पता- देवी सरस्वती नर्सिंग होम बीएसयूपी सद्दू कॉलोनी, 820. अनामिका देवांगन पिता\पति पोषण कुमार देवांगन पता- संतोषी नगर प्रगति विहार कॉलोनी टिकरापारा, 821. राजेश कुमार यादव पिता\पति स्व. श्याम कुमार यादव पता- मठपारा गणेश चौक रायपुर, 822. मनोरमा तारक पिता\पति ग्वाल तारक पता- तर्रा सुरसाबांधा, 823. परमेश्वर साहू पिता\पति गया राम साहू पता- रांकाडीह, 824. संगीता नागदेव पिता\पति प्रीतम दास पता- नयापारा वार्ड न.32 बजरंग चौक धमतरी, 825. रमेश कुमार दासरवार पिता\पति शंकर स्वामी दासरवार पता- श्री नगर राधा स्वामी सत्संग रुद्री, 826. कांति साहू पिता\पति मान दास साहू पता- लक्ष्मी नगर, 827. अशोक राजपूत पिता\पति ताराचंद राजपूत पता- डोंगरगांव, 828. दिग्विजय कुमार नेताम पिता\पति शिव लाल नेताम पता- ग्राम काफामार पोस्ट गेंदाटोला तह. छुरिया, 829. वर्षाजली श्रीवास्तव पिता\पति देवेन्द्र श्रीवास्तव पता- जगदलपुर, 830. चन्द्रप्रभा कनौजे पिता\पति सीता राम कनौजे पता- महासमुंद, 831. विजय कुमार देवांगन पिता\पति खोरबाहरा देवांगन पता- सिचाई कॉलोनी कवर्धा, 832. लक्ष्मी चन्द्र पिता\पति स्व.छत्रपाल चंद्रा पता-LIG-11 H.B कॉलोनी जोरताल, 833. विनोद कुमार वर्मा पिता\पति केदार नाथ वर्मा पता- प्रगति विहार पंचशील नगर बलौदाबाजार, 834. वंशिका साहू पिता\पति डिशेन कुमार साहू पता- ग्राम भैसा जिला रायपुर, 835. सुषमा साहू पिता\पति विनोद कुमार साहू पता- रिसदा, 836. शैलेन्द्र यादव पिता\पति भोला राम यादव पता- एस.पी.अस्पताल वार्ड कोंडागांव, 837. युवराज कुमार देवांगन पिता\पति ह्रदय लाल देवांगन पता- प्लाट न.- 65 श्याम नगर अटल आवास के पास भिलाई, 838. मेधांश पिता\पति अनिल गंगभोज पता- वार्ड न.-01 बनगांव पंचायत समिति, 839. दामिनी साहू पिता\पति नरेन्द्र कुमार साहू पता- CONTRACTORE कॉलोनी सुपेला भिलाई, 840. अश्वनी एवस जोगे पिता\पति श्याम राव जोगे पता- 608 वार्ड 6 सिधिया नगर दुर्ग, 841. रेणुका देवांगन पिता\पति दुलेश देवांगन पता- निकुम भिलाई दुर्ग, 842. सुषमा कुर्वे पिता\पति रमेश कुर्वे पता- S.I.F कॉलोनी L.I.G 35 बघेरा दुर्ग, 843. नारायण प्रसाद देशमुख पिता\पति एमन कुमार देशमुख पता- बमलेश्वरी कॉलोनी बोरसी, 844. शकुन पाण्डेय पिता\पति अश्वनी पाण्डेय पता- गणेश नगर रावण भाठा जामुल भिलाई, 845. श्रवण कुमार अन्सारे पिता\पति चंद्रभान पता- 77 रामनगर सुपेला भिलाई, 846. शुभांगी देवांगन पिता\पति सतीश देवांगन पता- सड़क न.- 01 कसारीडीह दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण-** 847. तुरवी चौहान पिता/पति धनेश्वर लाल चौहान पता- कोरबा, 848. भव्या साहू पिता/पति बुधेशवर साहू पता- रायपुरा जंजगीर बालको, 849. उमेश तंबोली पिता/पति इंद्रा मार्केट पोड़िमार बालको, 850. काव्या कंवर पिता/पति सुशील कुमार पता- बालको, 851. लेविना साहू पिता/पति युगल किशोर साहू पता- धरदाई, 852. कल्पना गयाकवारड़ पिता/पति अमृत मोंडे पता- कोरबा, 853. पुष्पा यादव पिता/पति डोरी लाल यादव पता- मदरपारा, 854. कृतार्थ यादव पिता/पति दिलीप यादव पता- कोरबा, 855. चाहत दास पिता/पति निर्मल दास पता- बालको नगर, 856. ज्योति बरेठ पिता/पति यादव मोहला करिती पता- बालको, 857. आध्या श्रीवास पिता/पति नागेंद्र श्रीवास पता- निहारिका एल.ई.जी.-142, 858. विकास साहू पिता/पति फिरत राम साहू पता- संजय नगर गुप्ता गली कोरबा, 859. वीरेंद्र कुमार कुर्रे पिता/पति श्याम लाल कुर्रे पता- धमना मुड़ी, 860. गौतम पांडे पिता/पति चंद्रशेखर पांडे पता- दरदारखुर्द कोरबा, 861. राजेन्द्र कुमार सूर्यवंशी पिता/पति गुहारम सूर्यवंशी पता- परसाभाठा बालको, 862. योगेश बारीक पिता/पति भिखारी चरण बारीख पता- शारदा विहार कोरबा, 863. किशन कुमार गायकवार्ड पिता/पति देवगिरी गायकवार्ड पता- केदु विहार कोरबा, 864. दीक्षांत सिंह भारद्वाज पिता/पति रवींद्र कुमार भारद्वाज पता- होउसिंग बोर्ड बालको, 865. अंशु तिर्की पिता/पति भजन राम तिर्की पता- वार्ड- 40 नेहरू नगर बालको, 866. केशव प्रसाद यादव पिता/पति नन्द लाल यादव पता- गेवरा घाट कोरबा, 867. सोनम जैसवाल पिता/पति मनोज जैसवाल पता- नेहरू नगर बालको, 868. भगवान सिंह पिता/पति रामनरेश सिंह पता- रिंग रोड बालको, 869. मनोज कुमार श्रीवास पिता/पति जगदीश प्रसाद पता- लक्ष्मण बन तालाब नई बस्ती, **भोपाल संस्करण-** 870. मान्या प्रजापति पिता\पति रंजीत प्रजापति पता- जगदीशपुर इस्लामनगर, 871. कनक मीणा पिता\पति राजेन्द्र सिंह मीणा पता- 45 जय नगर कॉलोनी, 872. युवांश बैरागी पता- राम मंदिर के पास करोद भोपाल, 873. रवि साहु पिता\पति मदनलाल साहु पता- मकान नं 53 कपिला नगर करोद, 874. वेदांश यादव पिता\पति सुरेन्द्र सिह यादव पता- मकान नं.116 फेस-2 पारस नगर करोद, 875. राम सिंह राजपूत पिता\पति- रामसिंह राजपूतबने सिंह राजपूत पता- नजीराबाद भोपाल, 876. पूजा पिता\पति सत्यदेव द्विवेदी पता- करोद भोपाल, 877. मानशी पिता\पति शंकादीन बढ़ई पता- एच.न 121 जनता नगर फेस-3 करोद, 878. दक्ष विश्वकर्मा पिता\पति प्रदीप कुमार विश्वकर्मा पता- शंकर नगर विदिशा, **जबलपुर संस्करण-** 879. अर्चिता पांडेय पिता\पति भानु कुमार पांडे पता- वार्ड नंबर 4 निगवानी रोड कोतमा, 880. महिमा शर्मा पिता\पति मुकेश शर्मा पता- मेंन रोड कोतमा, 881. हर्ष कुमार नामदेव पिता\पति अखिलेश नामदेव पता- विकास नगर वार्ड नंबर 10 कोतमा, 882. अनुराग चौबे पिता\पति राजकुमार चौबे पता- मझौली वार्ड नंबर 16 पंडित मोहल्ला कोतमा, 883. प्राजली चौबे पिता\पति राजकुमार चौबे पता- मेंन रोड कोतमा, 884. अक्षय गौतम पिता\पति जितेंद्र कुमार गौतम पता- विकास नगर वार्ड क्रमांक 9 कोतमा, 885. अनुमति नायक पिता\पति वीरेंद्र नायक पता- पाटन, 886. रिद्धि तिवारी पिता\पति मनीष तिवारी पता- शिवनगर वार्ड नंबर 90 गढ़ा जबलपुर, 887. अरुण कुमार दुबे पिता\पति स्व बैजनाथ पता- दुबे 362 दुर्गा कॉलोनी घमापुर, 888. अर्पित जैन पिता\पति ऋषभ कुमार जैन पता- जगमोहन दास वार्ड कटनी।

नियम एवं शर्ते लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि


## टोकन और कम खरीदी पर संगीता सिन्हा ने किया सरकार पर हमला

# धान खरीदी में किसानों की परेशानी का मुद्दा विस में गूंजा, विधायक सिन्हा ने उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरूर

धान खरीदी में किसानों को हो रही परेशानी व नुकसान का मुद्दा सोमवार को विधानसभा में विधायक संगीता सिन्हा ने उठाया। धान खरीदी पर कांग्रेस ने स्थगन प्रस्ताव लाया था, जिसे सरकार ने अस्वीकार कर दिया। इस दौरान संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा ने किसानो की समस्याओं को विधानसभा के पटल पर रखा। इस दौरान विधानसभा में अपने चहेतो को आफलाईन टोकन देने का मामला भी उठा।

संगीता सिन्हा ने बताया कि चर्चा के दौरान जो प्रमुख रूप से पटल में रखा गया उसमे किसानो के साथ हो रहे शोशण, धान बेचने में हो रही टोकन की परेशानी, 21 क्विंटल के स्थान पर कम खरीदी करने जैसे विशय प्रमुख रहे।



संगीता सिन्हा ने बताया बारदाना का वजन 700 ग्राम से घटकर लगभग 500 ग्राम है, लेकिन उसके बाद भी खरीदी केन्द्रो मे 40 किलो 700 ग्राम धान लिया जा रहा है, इस प्रकार प्रति क्विंटल आधा किलो अधिक ले रहे है। संगीता सिन्हा ने सदन में बताया कि कई समितियो में आफ लाईन टोकन में समिति द्वारा अपनो को टोकन देने की शिकायते आ रही है। संगीता सिन्हा ने बताया कि खाद की कमी से उत्पादन पहले ही कम है, आनावरी कम होने की बात कहकर निर्धारित 21 क्विंटल के स्थान पर कम धान लिया जा रहा है। जिससे किसान अपना पूरा धान नही बेच पा रहे है जिससे वे कोचियो को धान बेचने को मजबूर हो रहे है। संगीता सिन्हा ने कहा छोटे एवं बुजुर्ग किसानो को टोकन ऑफलाइन दिया जाए। क्योकि उनके पास संसाधन की कमी है। चंद मिनटो में टोकन लिमिट भर जाता है, फिर टोकन नही कटता इसलिए 75 प्रतिशत ऑफलाइन करे व 25 प्रतिशत ऑफलाइन करे।

संगीता सिन्हा ने कहा किसानो से खरीदे गए धान की एंट्री समय पर नही हो रही है। जिससे किसानों को भुगतान में विलंब हो रहा है। खरीदी के तत्काल बाद ऑफलाइन एंट्री की जाए। किसानों का पुरा धान लिया जाए।

# SHRI KHATU SHYAM JYOTISH






## जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

**पं. रविकांत शर्मा / पं. एस. के. शास्त्री**




हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
"ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
"जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान"

**ऑफिस आने पर मात्र ₹ 101/- फोन से परामर्श केवल ₹ 251/-**

*व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया,*
*शादी के लिए माता-पिता को मनाना*

**जब कही ना हों काम, तो हमसे लें समाधान**



**पं. एस. के. शास्त्री**
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

## जन्म पत्रिका बनाई जाती है



- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष समाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान - संतान योग
- दुकान, बच्चो के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण

**बुकिंग के लिए संपर्क करें : +91 7470674060**

असुविधा से बचने के लिए आपॉइंटमेंट लेकर ही मिलें

हमारी अन्य कोई और शाखा नहीं है।

नोट : मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है।

**पोलसाय पारा चौक, दुर्ग (छ.ग.)**

मिलने का समय : सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे तक

**संपर्क सूत्र :- पं. रविकांत शर्मा एवं पं. एस. के. शास्त्री : +91 9755964567**

## खबर संक्षेप

### संयुक्त जिला कार्यालय में जेम पोर्टल पर कार्यशाला आयोजित

**बालोद।** संयुक्त जिला कार्यायल के सभाकक्ष में 'ई–मार्केटप्लेस एवं डिजिटल मार्केटिंग के माध्यम से जेम पोर्टल पर सरकारी खरीदी संबंधी एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में अपर कलेक्टर अजय किशोर लकरा ने कहा कि स्थानीय उत्पादों को ई–मार्केटप्लेस एवं डिजिटल मार्केटिंग प्लेटफॉर्म से जोड़कर राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई जा सकती है। इस प्रकार की कार्यशालाएँ उद्यमियों और समूहों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होंगी। इसी तरह कार्यशाला में गवर्नमेंट ई–मार्केटप्लेस (जेम), रायपुर के वरिष्ठ सहायक निदेशक राकेश तिवारी ने सरकारी खरीद पोर्टल पर पंजीकरण की प्रक्रिया, निविदाओं में भागीदारी, उत्पाद कैटलॉग विकास एवं एमएसएमई इकाइयों को मिलने वाले लाभों पर विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र (डीटीआईसी) गोपाल राव ने रैम्प योजना के अंतर्गत राज्यभर में संचालित गतिविधियों का विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि योजना के तहत उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम, निर्यात प्रशिक्षण, डिजिटल मार्केटिंग, वित्तीय पहुँच और अन्य कई पहलें चल रही हैं, जो सूक्ष्म उद्यमों के लिए नए अवसर सृजित कर रही हैं। कार्यशाला में जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारीगण शामिल हुए।

## निधन

### गिरिज बाई



**बालोद।** नगर के वार्ड क्रमांक 3 नयापारा निवासी गिरिज बाई पति स्व. जगत राम साहू 95 वर्ष निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार तांदुला नदी तट स्थित मुक्ति धाम में किया गया। वे पीलू राम साहू, हेमू राम साहू डां बल्लू के माता तथा अधिवक्ता भेष कुमार साहू की बड़ी मां थी।

### हृदयराम साहू

**बालोद।** ग्राम भोथली निवासी हृदयराम साहू 38 साल का निधन हो गया है। वे कुछ समय से बीमार थे। उनका अंतिम संस्कार स्थानिय मुक्तिधाम में किया गया। वे छगन लाल साहू के पुत्र थे।

### चैती बाई साहू

**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम आमटी निवासी



श्रीमती चैती बाई साहू उम्र 85 वर्ष का अकास्मिक निधन 15 दिसंबर के शाम 7 बजे हो गया, जिसका अंतिम संस्कार 16 दिसंबर के सुबह 11 बजे गृह ग्राम के मुक्तीधाम किया जायेगा। वे भरा पुरा परिवार को छोडकर चले गये, वे तीजऊ राम साहू , गरिबा, मदन लाल साहू के माता व डाक्टर एन. के. साहू के नानी थे।

## बैठक

### जिला कार्यालय में परिचयात्मक बैठक, चुनावी रणनीति पर चर्चा

# भाजपा प्रभारियों का बालोद आगमन बूथों को मजबूत करने पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

भाजपा में नव नियुक्त जिला प्रभारी एवं विधानसभा प्रभारियों का जिले में प्रथम आगमन हुआ। जिला कार्यालय में संयुक्त परिचयात्मक बैठक आयोजित हुई, जिसमें विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई।

कार्यक्रम की शुरुआत मां भारती, श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तैल चित्रें पर दीप प्रज्वलन कर हुई। संचालन महामंत्री राकेश छोटू यादव ने किया। प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन ने सभी प्रभारियों का राजनीतिक परिचय कराया। बालोद विधानसभा प्रभारी दीपक म्हस्के, डौंडीलोहारा विधानसभा प्रभारी ओबीसी मोर्चा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त चंदूलाल साहू का परिचय कराते हुए यशवंत जैन ने कार्यकर्ताओं से कहा कि इनसे प्रेरणा लें।





संध्या परधनिया ने कहा चुनाव की तैयारी अभी से शुरू करें, 2028 के तीनों विधानसभा चुनाव जीतने का लक्ष्य। वरिष्ठ कार्यकर्ता, युवा, महिला मोर्चा को बैठकें बुलाएं। कार्य बांटकर पाटएँ मजबूत करें। दीपक म्हस्के ने कहा लोकप्रियता से नहीं, संगठन की बूथ–स्तरीय सक्रियता एवं मैनेजमेंट से चुनाव जीतते हैं। जातिगत समीकरण, बूथ फोकस एवं रणनीति पर काम करें। कमर कसकर तैयार हों। चंदूलाल साहू ने कहा प्रदेश में भाजपा सरकार है, लेकिन बालोद के तीनों विधानसभा खाली। बूथ मजबूत करने एवं पिछली चूकों पर चर्चा करें। सभी की जिम्मेदारी है सुधार लाना। जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख ने जिले की विस्तृत जानकारी एवं आंकड़े प्रस्तुत किए। बैठक में प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन, प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर, राज्य वनोपज उपाध्यक्ष यज्ञदत्त शर्मा, प्रदेश समिति सदस्य एवं बिलासपुर संभाग सह–प्रभारी अभिषेक शुक्ला, जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख, पूर्व विधायक प्रीतम साहू, वीरेंद्र साहू, कृष्णकांत पवार, पवन साहू, महामंत्री राकेश छोटू यादव एवं सौरभ लूनिया, जिला पंचायत अध्यक्ष तारिणी पुष्पेंद्र चंद्राकर, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, ठाकुर रामचंद्राकर, कौशल साहू, सुरेंद्र देशमुख, हरीश कटझरे, प्रदीप साहू, लाल नरेंद्र सिंह टेकाम, कमलेश सोनी, चंद्रिका गंजीर, तेजराम साहू, कुंती सिंन्हा, दुर्गानंद साहू, त्रिलोकी साहू, कमल पनपालिया, अमित चोपड़ा, टुकेश्वर पांडे, खेमलाल देवांगन, विश्वास गुप्ता, अकबर तिगाला, आदित्य पिपरे, रामसहाय साहू, संजय साहू एवं जिले के समस्त पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मोर्चा–प्रकोष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# मनहरण ने नाच में किया चिकारा वादन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंडा

छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक कला एवं संस्कृति में चिकारा वादन एकदम से दुर्लभ हो गया है। अब छत्तीसगढ़ में इसके इक्के-दुक्के कलाकार यह गए हैं। ऐसे में चिकारा वादन की परंपरा को विलुप्त होने से बचाने की दृष्टि से जनजाति शोधार्थी एवं लोक संस्कृति कर्मी राम कुमार वर्मा के निरंतर प्रोत्साहन और मार्गदर्शन में कोलिहापुरी निवासी मनहरण दास बंजारे ने चिकारा निर्माण, मरम्मत एवं कुशलतापूर्वक वादन को अपने दैनिक जीवन में शामिल किया है।

साथ ही लोकनाट्य की सबसे प्राचीन छत्तीसगढ़ी परंपरा 'खड़ी साज नाच' में भी वे कई मंडलियों में शामिल होते हैं। विगत दिनों पद्मश्री स्व. पुनाराम निषाद द्वारा गठित लोक कला मंच पंडवानी रिंगनी के आजीवन सदस्य राम कुमार वर्मा के साथ खड़ी साछ नाच सनौद में चिकारा वादन के सहभागी बने। उनके द्वारा चिकारा वादन के साथ ही पुरखों द्वारा गाए जाने वाले परमानंद, ब्रह्मानंद, मीराबाई, सूरदास, कबीर दास सहित संत



बाबा गुरु घासीदास जी के लोकप्रिय चौका आरती से संबंधित भजनों का गायन खड़ी साज नाच में किया गया। इन्हें मुख्य अतिथि संगीता सिन्हा विधायक बालोद व कुंवर सिंह निषाद विधायक गुंडरदेही ने संयुक्त रुप से सम्मानित भी। चिकारा वादन को दर्शकों ने खूब सराहना की व विलुप्त होती कला को समृद्ध करने के लिए लोक कला मंच पंडवानी के अध्यक्ष पंडित राजकुमार पाण्डेय, उपाध्यक्ष हेमलाल साहू निर्मोही, सुंदर लाल पटेल, सचिव रोहित निषाद, सहसचिव जगन्नाथ निषाद, निदेशक चेतन देवांगन, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश निषाद, टोमीन बाई, कीर्ति निषाद सहित सभी सदस्यों ने हार्दिक बधाई दी।

# एनएसएस विशेष शिविर में छठे दिन हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज. बालोद/कलंगपुर

मदनलाल साहू शासकीय महाविद्यालय अरमरीकला के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वाधान में संचालित सातदिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम आगेसरा में किया गया। छठवे दिवस प्रातः काल 5 बजे जागरण तथा पीटी परेड व परियोजना कार्य का क्रियाकलाप स्वयंसेवकों द्वारा किया गया।

- राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में सेवा, अनुशासन और संस्कार का संदेश







स्वयंसेवकों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रस्तुतिकरण किया गया, जिसके मुख्य अतिथि मदन लाल साहू शासकीय महाविद्यालय अरमरीकला जन भागीदारी अध्यक्ष व जनपद सदस्य गुरुर नरेश मदन साहू थे। कार्यक्रम का अध्यक्षता वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक डॉ यशवंत साव ने किया। विशेष अतिथि सरपंच ग्राम पंचायत आगेसरा रमाकांत साहू, सरपंच ग्राम पंचायत गातापार सेवानिवृत्ति उप निरीक्षक रेवाराम साहू, राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित एवं विशिष्ट अतिथि कार्यक्रम अधिकारी प्रमोद भारतीय, सरजू राम साहू, संयोजक न्याय प्रकोष्ठ तहसील साहू संघ पाटन, प्रधान पाठक माध्यमिक शाला आगेसरा जसवंत लाल साहू, संयोजक परीक्षेत्रीय साहू समाज बेल्हारी एवं ग्राम के पंचगण में नागरिक उपस्थित थे।

# ग्राम नेवारीकला में एनएसएस शिविर में बौद्धिक परिचर्चा आयोजित हुई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सांकरा ज द्वारा ग्राम नेवारीकला में आयोजित 7 दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के अंतर्गत बौद्धिक परिचर्चा कार्यक्रम में विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा, महिला–बाल संरक्षण एवं नशामुक्ति विषयों पर जागरूक किया गया।

- शिविर में साइबर सुरक्षा और नशामुक्ति पर जागरूकता







साइबर जागरूकता अभियान के तहत विद्यार्थियों को साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930, ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया, अनजान लिंक पर क्लिक करने के खतरे, ओटीपी साझा करने के खतरे, सोशल मीडिया अपराध एवं ऑनलाइन गेमिंग फ्रॉड, एपीके फाइल डाउनलोड से मोबाइल हैकिंग एवं धोखाधड़ी की आशंका, सुरक्षित इंटरनेट उपयोग, मजबूत पासवर्ड एवं व्यक्तिगत जानकारी गोपनीय रखने के उपाय के संबंध में जागरूक किया गया।

इस दौरान महिला एवं बाल संरक्षण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ दी गईं, जिसमे महिला एवं बाल अपराधों की रोकथाम हेतु सक्रिय प्रकोष्ठ, घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, छेड़छाड़, बाल शोषण, मानव तस्करी जैसे अपराधों की जानकारी, महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर 1091 महिला हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड लाइन बाल संरक्षण के संबंध में जागरूक किया गया।

नशामुक्ति अभियान के तहत नशा मुक्त भारत की ओर छात्रें को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया गया। शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव, पारिवारिक व सामाजिक जीवन में तनाव एवं कलह, अपराध एवं सड़क दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण, विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने, दूसरों को जागरूक करने एवं नशा मुक्ति का संकल्प दिलवाया गया।

### समस्याओं को लेकर कलेक्टर से मिले जनप्रतिनिधि, पेयजल व धान खरीदी सीमा बढ़ाने की मांग

**बालोद/निकुम।** जिला कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा से ग्राम पंचायत भरदाकला के सरपंच क्रांति भूषण साहू व जनपद



सदस्य टुकेशवरी भूपेंद्र साहू ने मिलकर गांव की समस्या व विकास कार्य की मांग किया। गौर हो भरदाकला में गर्मी में पेयजल संकट से जूझना पड़ता है, जिसमें पेयजल व्यवस्था पेयजल स्पॉट सोर्स के लिए 8 लाख की राशि मांगी, वही 50 वर्ष पूर्ण हो चुके कुएं व नाला में बधान करने विकास के लिए मांग पत्र दिया। जनपद सदस्य टुकेश्वरी भूपेंद्र साहू ने मांग किया कि सेवा सरकारी समिति भरदाकला में धान खरीदी की लिमिट बढ़ाई जाए, क्योंकि पूर्व में खराब मौसम बारिश के कारण किसान धान कटाई में परेशान रहे, लिमिट कम होने से धान नहीं बिकने के कारण किसान परेशान है, खलिहानों में धान की रखवाली करने मजबूर है, वही कर्ज की चिंता सता रही है, प्रशासन लिमिट बढ़ाए, ताकि किसानों को राहत मिल सके, वही सरपंच भरदाकला सरपंच क्रांति भूषण ने भी धान की लिमिट बढ़ाने के बात कही।

### कलेक्टर मिश्रा ने ली समीक्षा बैठक, धान खरीदी केंद्रों से तत्काल उठाव दिए निर्देश



**बालोद।** कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य के अंतर्गत धान खरीदी केन्द्रों से समय–सीमा में धान का समुचित उठाव सुनिश्चित करने हेतु मिलर्स की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने मिलर्स को जिले के सभी धान खरीदी केन्द्रों से शीघ्र धान का उठाव सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में अपर कलेक्टर अजय किशोर लकरा, उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं आरपी राठिया, जिला खाद्य अधिकारी तुलसी राम ठाकुर एवं जिला विपणन अधिकारी टिकेन्द्र राठौर सहित मिलर्सगण उपस्थित थे। इस दौरान कलेक्टर मिश्रा ने अधिकारियों एवं मिलर्स से धान खरीदी केन्द्रवार धान के उठाव की बारी–बारी से समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों एवं मिलर्सों को शीघ्र धान के उठाव के संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

## पेज 11 के शेष

### धान खरीदी में कलेक्टर के ...

यहां नवेन्द्र कुमार ने बताया उसने अकेले धान की ग्रेंडिग की है, यहां 43 किसानों का टोकन कटा था। यहां भी निगरानी समिति के सदस्य नही पहुंचे थे। प्राधिकृत आए थे, लेकिन चले गए।

### ड्यूटी समय में ...

समितियों में ही धान की गुणवत्ता सवालो के घेरे में है। कई किसानों के धान में गर्दा उड़ रहा था तो कई बदरंग थे, काड़ी, घास, फूस के साथ बदरा, लाई धान के ढेर में स्पष्ट दिख रहे थे।

### गौ तस्करीः 6 बछड़ों को ...

ने अज्ञात गौ रक्षको के खिलाफ धारा 115(2), 126(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कराया है। ग्राम रांवा जिला धमतरी निवासी सतीश साहू ने पुलिस को बताया कि 06 दिसंबर के मैं अपने गांव के वेदप्रकाश साहू तथा बलराम साहू के साथ ग्राम सौराबांधा के रजउराम पिता रामलोचन से 06 नग बछवा को खरीदकर रखे थे, जिसे अपने छोटा हाथी सीजी 04 क्यूडी 2713 में भरकर ग्राम करहीभदर मवेशी बाजार ले जाने के लिये निकले थे, ग्राम भरदा पेंवरों जाने का मार्ग मोड़ के पास पहुंचे थे कि करीबन 11:15 बजे रात्रि को अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा गाडी रोककर गाडी का चाबी निकालकर गाडी से उतारकर गाली गलौच कर हाथ मुक्का, बेल्ट, डंडा एवं हाथ में पहने चुड़ा से मारपीट कर चोट पहुंचाया है, मारपीट करने से मेरे पीठ, दोनों भुंजा, सिर के दांया तरफ कान के उपर तथा घुटना में चोट तथा वेदप्रकाश साहू के माथा, पीठ एवं घुटना में चोट एवं बलराम साहू के पीठ, दोनों घुटना एवं दोनों भुजा में चोट आया है। थाना प्रभारी सुनील तिर्की ने कहा दोनों मामलो में अपराध कायम कर लिया गया है, विधिवत कार्यवाही कर न्यायालय में पेश किया जाएगा।


### दो पक्षों में गाली गलौज ...

दूसरे पक्ष वार्ड क्रमांक 15 केसरिया कॉलोनी अर्जुन्दा निवासी ललित साहू ने पुलिस को बताया कि 11 दिसंबर को मैं लैब से वापस अपने घर आ रहा था, कारगील चौक अर्जुन्दा के पास पहुंचा था, रात्रि करीबन 09 बजे मेरे मोबाईल मे मेरे दोस्त का कॉल आया तो रूक कर मैं बात कर रहा था, उसी समय मेरे पडोसी सन्नीजीत तिवारी मेरे पास आया और तुम मुझे गाली गलौज किये हो बोलकर मुझे धमकी देते हुए अपने पास रखे, लकडी के डण्डा से मेरे पीठ तथा बाए हाथ में मार पीट किया, जिससे मुझे चोट लगकर दर्द हो रहा है। पीड़ित व्यक्ति की रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली हैं।






## खबर संक्षेप



### परीक्षा से पहले बच्चों से उठवाए भारी बैंच

**गुरूर।** परीक्षा देना है तो पहले बैठने की व्यवस्था करनी होगी। कुछ ऐसी ही स्थिति ग्राम बोरतरा गुरूर में संचालित ज्ञान ज्योति विद्यालय का है। जहां मंगलवार को परीक्षा है, इसमें बैठने के लिए छात्रों को विद्यालय भवन से लगभग 400 मीटर दूर स्थित विद्यालय के दूसरे भवन से बच्चों को बैंच लाना पड़ा। विद्यालय के छोटे छोटे बच्चों को भारी भरकम बैंच उठाए लगभग 400 मीटर तक ले जाते देखा गया, इस दौरान थके बच्चे बैंच को बीच–बीच में जमीन में रखकर रूकते भी दिखे। बच्चों ने बताया शिक्षक का आदेश है।

### शाला खुंदनी में न्योता भोज कराया गया

**बालोद।** सेवा निवृत्त शिक्षक अनिरुद्ध राम साहू ने अपने जन्मदिवस के अवसर पर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खुंदनी के छात्र–छात्राओं के लिए न्योता भोज का आयोजन किया। इस अवसर पर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खुंदनी के प्रधान पाठक एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं एवं रसोइए उपस्थित थें।

### गुरु घासीदास जयंती चिंगरी भाठापारा 18 को

**अंडा।** ग्राम चिंगरी भाठापारा में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 18 दिसंबर दिन गुरुवार को युवा शक्ति समिति चिंगरी भाठापारा के द्वारा गुरू घासीदास जयंती के शुभ अवसर पर रात्रि में छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक प्रोग्राम लोक रंजनी रायपुर का आयोजन रखा गया है व गुरु घासीदास की जयंती ध्वजारोहण में मुख्य अतिथि आशा विक्की मिश्रा जिला पंचायत सदस्य दुर्ग बेला यादव सदस्य जनपद पंचायत दुर्ग टिकेश्वरी लाल देशमुख पूर्व सभापति जनपद पंचायत दुर्ग भूषण देशमुख उपसरपंच ग्राम चिंगरी पुष्पा देशमुख पूर्व सरपंच ग्राम चिंगरी समय शाम 4:30 बजे यह जानकारी समिति के सदस्य दीपक कुमार सूर्यवंशी द्वारा प्राप्त हुई। ग्राम चिंगरी भाठापारा अध्यक संतोष कुमार खुटेल सदस्य दिनेश बघेल कलीराम खुटेल मुकेश बंजारे अश्विनी खुटेल सुरेंद्र सूर्यवंशी थानु , भूषण देशमुख, सुनील टंडन, गोल्डी, अजय चतुर्वेदी, पप्पू साहू ,कृष्णा राम यादव एवं समस्त भाठापारा वासी एवं समिति सदस्य गण चिंगरी उपस्थित रहेंगे।

### कनेरी में मानसगान स्पर्धा का आयोजन 16 से

**गुरूर।** श्री ब्रेकर गणेशोत्सव समिति एवं समस्त ग्रामवासी कनेरी के तत्वधान में तीन दिवसीय भव्य संगीतमय मानसगान प्रतियोगिता का आयोजन 16 जनवरी से 18 जनवरी तक रखा गया है। जिसमें पुरुष एवं महिला वर्ग के लिए पुरस्कार की व्यवस्था की गई है। प्रथम पुरस्कार 3501 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 3001 रुपए, तृतीय पुरस्कार 2501 रुपए, चतुर्थ पुरस्कार 2001 रुपए एवं संगीत, अनुशासन, वेशभूषा पर विशेष पुरस्कार 501 रुपए रखा गया, सभी मंचासीन मंडलियों को सांत्वना राशि भी दिया जाएगा। समिति अध्यक्ष युवराज पटेल, उपाध्यक्ष योगेश सिंहा, सचिव योगेश्वर चंद्रवंशी, कोषाध्यक्ष त्रिभुवन साहू के द्वारा जानकारी दी गई।

## बाल विवाह, पॉक्सो व किशोर न्याय अधिनियम पर हुआ जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| डौंडीलोहारा

शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था डौंडीलोहारा में दिनांक 12 दिसंबर को जिला बाल संरक्षण इकाई चाइल्ड हेल्पलाइन महिला एवं बाल विकास विभाग बालोद के तत्वाधान में प्रशिक्षणार्थियों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006, पॉक्सो एक्ट 2012, किशोर न्याय अधिनियम 2015, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, 181, गुड टच - बैड टच आदि विषयो मे विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही बाल विवाह मुक्त भारत का समस्त कर्मचारियों एवं प्रशिक्षणार्थियों ने शपथ भी लिया। इस कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य आर.के. कुर्रे, प्रशिक्षण अधीक्षक जी.आर. ठाकुर,निर्मला गायकवाड़, नीरज कुमार, आर.के. कोसले, शीतल कुमार तथा वरुण साहू साथ में शिविर के आयोजन के लिए वेदप्रकाश साहू परियोजना समन्वयक चाइल्ड हेल्प लाईन , अनिल सिन्हा सामाजिक कार्यकर्ता, रतिका मेश्राम सामाजिक कार्यकर्ता, गुणवती सिरसाम, बसंती कत्लाम आउटरीच वर्कर जिला बाल संरक्षण इकाई महिला एवं बाल विकास विभाग जिला बालोद आदि उपस्थित रहे ।



कलेक्टर और मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने शक्कर कारखाना परिसर में किया पौधरोपण

## कलेक्टर ने शक्कर उत्पादन सत्र 2025-26 के लिए गन्ना खरीदी कार्य का शुभारंभ किया





हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने जिले के दंतेश्वरी मैया सहकारी शक्कर कारखाना करकाभाट में मां दंतेश्वरी की पूजा–अर्चना कर सत्र 2025–26 में शक्कर उत्पादन के लिए गन्ना खरीदी कार्य का शुभारंभ किया। इस दौरान कलेक्टर मिश्रा ने शक्कर कारखाना में अपने गन्ने की सर्वप्रथम बिक्री करने वाले ग्राम बिरेतरा के कृषक खिलावन राम साहू को पौधा भेंटकर सम्मान किया। कलेक्टर मिश्रा ने शक्कर कारखाना में गन्ने की बिक्री करने पहुँचे कृषकों को जिला प्रशासन के द्वारा हर संभव मदद उपलब्ध



कराने का आश्वासन भी दिया। इस मौके पर आज शक्कर कारखाना में कृषक खिलावन राम साहू द्वारा लगभग 07 टन गन्ने की बिक्री की गई। इस दौरान शक्कर कारखाना के अधिकारी–कर्मचारियों ने कलेक्टर मिश्रा एवं अतिथियों के समक्ष किसान खिलावन राम द्वारा बिक्री हेतु लाए गए गन्ने का धर्मकांटा में तौलाई भी कराया गया। इस अवसर पर कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी ने शक्कर कारखाना परिसर में पौधरोपण भी किया। इस दौरान दंतेश्वरी मैया सहकारी शक्कर कारखाना करकाभाट के प्रबंध संचालक आरपी राठिया एवं जनप्रतिनिधियों के अलावा शक्कर कारखाना के अधिकारी–कर्मचारियों तथा ग्रामीणों एवं गन्ना कृषकगण उपस्थित थे।

## मुस्कान और कीर्तिका का चयन राष्ट्रीय कला उत्सव स्पर्धा में हुआ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद



स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय बालोद की छात्राएं मुस्कान साहू एवं कीर्तिका साहू का चयन राष्ट्रीय कला उत्सव प्रतियोगिता के लिए हुआ है।

राज्य स्तरीय कला उत्सव प्रतियोगिता रायपुर में पारंपरिक कहानी वाचन के अंतर्गत पंडवानी गायन शैली का प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। बालोद जिले से यह एकमात्र चयन है। राष्ट्रीय कला उत्सव आयोजन 20 से 24 दिसंबर 2025 तक यशवंत चौहान अकैडमी आफ डेवलपमेंट एडमिनिस्ट्रेशन पुणे महाराष्ट्र में छात्र कलाकार छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करते हुए अपनी पंडवानी कला प्रदर्शन करेंगे। प्राचार्य अरुण कुमार साहू ने बताया कि शिक्षा में कला एवं छात्रें की कलात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहन, पहचान एवं पोषित करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय कला उत्सव का आयोजन किया जाता है। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय कला उत्सव नई दिल्ली 2015 में भी इनके नेतृत्व में छात्रओं ने देश में द्वितीय स्थान प्राप्त कर छत्तीसगढ़ को गौरवान्वित किया था।

पंडवानी गायन शैली की प्रस्तुति पर चर्चा करते हुए मुस्कान साहू ने बताया कि वह अपना प्रदर्शन द्रोपदी चीर हरण प्रसंग पर करने जा रही है। यह कहानी प्रसंग महाभारत काल की अत्यंत दुखद घटना पर आधारित है। जिसमें युधिष्ठिर द्वारा जुए में हारने के बाद दुर्योधन के कहने पर दुशासन ने द्रौपदी का वस्त्र हरण करने का प्रयास किया। द्रोपदी के बार–बार पुकारने पर भी सभा के किसी भी व्यक्ति ने विरोध नहीं किया। तब उन्होंने भगवान कृष्ण को पुकारा, भगवान कृष्ण ने उनकी लाज बचाई और उनके वस्त्रें को बढ़ाते रहे। हारमोनियम वादक एवं रागी की भूमिका में कीर्तिका साहू ने बताया कि पारंपरिक लोक कहानी वाचन शैली में पंडवानी का विशेष स्थान है। वस्तुतः यह छत्तीसगढ़ का एकल लोकनाट्य है, जो पांडवों की महाभारत की कथा को गायन और अभिनय के माध्यम से प्रस्तुत करने की एक शैली है।

## ग्राम पंचायतों ने शुरू की जल संरक्षण की बड़ी पहल, नालों पर किया बोरी बंधान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद/सिकोसा

जल संचयन जन भागीदारी के तहत जनपद पंचायत गुण्डरदेही के ग्राम गब्दी एवं लिमोरा में जन भागीदारी से नालों में बोरी बंधान साथ ग्राम पसौद में जल स्त्रेतो की साफ सफाई कर जल सरंक्षण की पहल की गई।

ग्राम गब्दी में ग्रामीणों द्वारा सरपंच एवं उपसरपंच के नेतृत्व में जल सरंक्षण कर पानी रोकने हेतु जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया, इस दौरान जन मानस को गावं का पानी गांव में रोकने हेतु जन भागीदारी से बोरी बंधान, व्यक्तिगत सोकपिट निर्माण करने हेतु जागरूकता रैली निकाली गई।

जिसमें सरपंच, उप सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, जल वाहिनी, समहू की दीदीयां, महिला कमाण्डों एवं गणमान्य नागरिक द्वारा जल सरंक्षण हेतु संकल्पित हुए। नालें में ग्रामीणों ने स्थानीय जन






प्रतिनिधियों के साथ मिलकर बोरी बंधान का कार्य किया गया।

जिला बालोद कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत बालोद सुनिल चन्द्रवंशी के निर्देशानुसार जिले की सभी ग्राम पंचायतों में भूजल स्तर बढ़ाने व वर्षा जल को सरंक्षित करने हेतु जन भागीदारी से जल संरक्षण के कार्य किये जा रहे है। जनपद पंचायत गुण्डरदेही के अंतर्गत ग्राम पंचायत गब्दी, पैरी, अर्जुनी एवं लिमोरा के सरपंचों के मार्गदर्शन में उक्त कार्य कराया गया। ग्राम गब्दी के इस सामुदायिक पहल पर ग्रामवासियों ने अपनी भागीदारी निभाई। यह कार्यक्रम सरपंच किर्तनराम देवदास, उपसरपंच प्रमिला सिन्हा एवं ग्रामीणों के संयुक्त प्रयास से यह कार्य कराया गया। सरपंच, ग्राम पंचायत गब्दी ने कहा कि प्राकृतिक जल स्त्रोतों को सुरक्षित रखना और भविष्य के लिए बेहतर पानी की उपलब्धता हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। ग्रामवासियों के निरंतर सहयोग से यह अभियान सफल हुआ और इससे भविष्य में भू जल स्तर को स्थिर रखनें में भी मदद मिलेगी।

## अखिल भारतीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| डौंडीलोहारा

स्थानीय लाल रघुवीर सिंह स्टेडियम में आयोजित अखिल भारतीय क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ दिनांक 15 दिसंबर दिन सोमवार को भव्य रूप से हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन टी. शेखर सिंह कंवर के हाथों संपन्न हुआ। उद्घाटन अवसर पर उन्होंने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया।

> ■ पहले मैच में छत्तीसगढ़ इलेवन की शानदार जीत

आज के कार्यक्रम में प्रमुख अतिथियों के रूप में नगर पंचायत अध्यक्ष निवेद्र सिंह टेकाम, पूर्व जिला महामंत्री देवेंद्र जायसवाल, संस्था अध्यक्ष मोहन निषाद, नगर पंचायत उपाध्यक्ष नेहा उपाध्याय, मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा, संस्था उपाध्यक्ष जसराज शर्मा, सचिव उत्तम मालेकर सहित दिलीप बाफना, धीरेंद्र टाक, पूर्व पार्षद जिवराखन कौमार्य, संदीप जैन,



सुमित शर्मा, लोकेंद्र ठाकुर एवं सौरभ शर्मा उपस्थित रहे। टूर्नामेंट के पहले मुकाबले में नागपुर और छत्तीसगढ़ इलेवन की टीम आमने-सामने रही। नागपुर की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 187 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी छत्तीसगढ़ इलेवन की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मात्र तीन विकेट के नुकसान पर 188 रन बनाकर सात विकेट से मुकाबला अपने नाम कर लिया। छत्तीसगढ़ इलेवन की ओर से अमरीश कुमार ने उत्कृष्ट बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए 84 रनों की शानदार पारी खेली और टीम की जीत में निर्णायक भूमिका निभाई। उनके इस शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मैच के दौरान कमेंट्री बॉक्स में मूलचंद शर्मा ने अपनी प्रभावशाली कमेंट्री से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया, वहीं स्कोरर की महत्वपूर्ण भूमिका फरीद सिद्दीकी ने निभाई, जिनके सहायक के रूप में अजय छेदाम उपस्थित रहे। सोमवार के मैच को देखने के लिए दर्शक दीर्घा में बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे और पूरे उत्साह के साथ खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। टूर्नामेंट के सफल आयोजन से क्षेत्र में खेल के प्रति उत्साह और उमंग का माहौल बना हुआ है।

## तहसील साहू संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का हुआ शपथ ग्रहण समारोह

हरिभूमि न्यूज ▸▸| डोंडी

डोंडी रविवार को डोंडी के सामुदायिक भवन में तहसील साहू संघ डोंडी के नव निर्वाचित पदाधिकारी का शपथ ग्रहण संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि टहल सिंह साहू ने समाज के सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारी को हर्ष जाहीर करते हुए कहा कि वे अपने कार्यकाल में अच्छा से अच्छा कार्य करे हमारे समाज के लोगों के पास शिक्षा और धन तो है परंतु संस्कारों में हम पीछे हो रहे हैं। लोग नशा पान की ओर बढ़ रहे हैं इसलिए सभी पालक को अपने बच्चों को के प्रति अधिक जवाब देह होना चाहिए कि उनके बेटे बेटियां

> ■ शिक्षित समाज से होगा विकास : वक्ताओं का उद्बोधन



कहां जा रहे हैं संस्कारों को पुनर्जीवीत करने के लिए परिवार के सभी लोग दिन में कम से कम एक बार एक साथ बैठकर भोजन करें समाज के जिला अध्यक्ष महेंद्र साहू ने सामाजिक लोगों से कहा कि समाज के लोगों को जब भी उनकी जरूरत पड़ेगी उनके लिए हमेशा उपलब्ध रहेंगे हर व्यक्ति अपने कमाई का 40% हिस्सा अपने बच्चों के शिक्षा पर लगाए क्योंकि शिक्षित समाज ही विकसित है। जिला उन्होंने कहा कि जिला साहू संघ की ओर से उच्च शिक्षा के लिए तथा केंसर बीमारी की इलाज के लिए अलग से मद है जिसमें सहयोग का प्रावधान है संघ के पदाधिकारी जितेंद्र साहू ने कहा कि पद पर रहते हुए तो सभी लोग सम्मान करते हैं पर हम ऐसा काम करें कि पद के चले जाने के बाद भी हमारा प्रभाव रहे उन्होंने डोंडी ब्लॉक मे निवासरत साहू परिवारों को एकता औऱ। साहस को एक उदाहरण बताया साथ ही नव निर्वाचित पदाधिकारी से कहा कि तहसील साहू संघ के नीचे दो सदन और ऊपर दो सदन इसलिए वह ऐसा काम करें कि निकले सदन में भी उसका सम्मान बना रहे उन्होंने कहा कि हमारे दानवीर भामाशाह और माँ कर्मा हमारे समाज के पुरोधा है हमें इन पर गर्व करना चाहिए हमारे। समाज के लोगों को सरलता और सद्भावनापूर्वक काम करना चाहिए इस मौके पर समाज के तहसील अध्यक्ष हिंसाराम साहू महिला उपाध्यक्ष कांति साहू भूपेंद्र साहू पूरन साहू रतन साहू वेदांत साहू उमाकांत साहू ने शपथ ग्रहण किया। इस मौके पर किशोरी साहू टोमन साहू मदन सोनबरसा तोरण लाल साहू मोहंतन चोरका संजू मानकर। मनीष झा दिनेश अग्रवाल यदुनंदन देवहारी अमेरिका ठाकुर सहित डोंडी ब्लॉक साहू समाज के समस्त परिक्षेत्र तथा ग्रामीण पदाधिकारी मौजूद थे।

## अंजोरा में 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ कलश यात्रा कल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंडा

ग्राम अंजोरा ख की पावन धरती एक बार फिर आध्यात्मिक चेतना, राष्ट्रप्रेम और सांस्कृतिक नवजागरण की साक्षी बनने जा रही है। राष्ट्र–शौर्य समृद्धि के संकल्प के साथ आयोजित 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के शुभारंभ अवसर पर 17 दिसंबर को दोपहर 1:00 बजे भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया जाएगा। यह कलश यात्रा केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, नारी शक्ति और युग परिवर्तन की दिव्य चेतना का प्रतीक है। कलश यात्रा में मातृशक्ति की विशेष सहभागिता रहेगी। सिर पर पवित्र कलश धारण कर जब माताएं-बहनें श्रद्धा, भक्ति और संयम के साथ कदम बढ़ाएंगी, तब वातावरण मंत्रमुग्ध हो उठेगा। यह दृश्य केवल आंखों से देखने का नहीं, बल्कि हृदय में अनुभव करने का होगा। कलश में भरा पवित्र जल आत्मशुद्धि, संस्कार जागरण और लोकमंगल की भावना का संदेश देगा। गायत्री महामंत्र की ऊर्जा से ओत-प्रोत यह यात्रा ग्राम-ग्राम में सद्भाव, शांति और सदाचार का संचार करेगी। यह महायज्ञ राष्ट्र निर्माण, चरित्र निर्माण और समाज निर्माण की दिशा में एक सशक्त आध्यात्मिक प्रयास है। यज्ञ की अग्नि में आहुतियां केवल सामग्री की नहीं, बल्कि हमारे विकारों, नकारात्मक प्रवृत्तियों और आत्मकेंद्रित भावनाओं की होंगी। यह आयोजन हमें त्याग, तप, सेवा और समर्पण के पथ पर अग्रसर होने की प्रेरणा देता है। गायत्री महायज्ञ का मूल उद्देश्य व्यक्ति को श्रेष्ठ नागरिक, समाज को सशक्त और राष्ट्र को समृद्ध बनाना है।

> ■ मातृशक्ति की सहभागिता से सजेगी भव्य कलश यात्रा

अतः ग्राम अंजोरा ख एवं आसपास के समस्त गांवों के श्रद्धालुजन, माताएं-बहनें, युवा वर्ग और बुजुर्गजन से विनम्र आवाहन है कि इस ऐतिहासिक एवं दिव्य कलश यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में सहभागी बनें। इस पुण्य अवसर पर सहभागिता कर अपने जीवन को धन्य बनाएं, परिवार में शुभ संस्कारों का बीजारोपण करें और समाज में सकारात्मक परिवर्तन के वाहक बनें। गायत्री माता की कृपा से जीवन प्रकाशमय हो, राष्ट्र सशक्त बने और मानवता के पथ पर हम सभी एक नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ें। मां गायत्री का आवाहन स्वीकार करें कलश यात्रा में सहभागी बनें और युग निर्माण के इस महान यज्ञ में अपनी आहुति अर्पित करें।

## आमटी स्कूल में मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान का सामाजिक अंकेक्षण किया गया



**अंडा।** मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के तहत शास पूर्व माध्य शाला आमटी का सामाजिक अंकेक्षण का कार्य ग्राम प्रमुख सरपंच दुर्गा चौधरी साथ ही साथ शाला के स्टाफ गण उपस्थित थे। मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा शुरू किया गया। उद्देश्य राज्य के सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करना है। इस अभियान के तहत, स्कूलों की ग्रेडिंग की जाएगी, और कमजोर स्कूलों को सुधारने के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे। इस अभियान की कुछ प्रमुख विशेषताएं हैं। शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा और आधुनिक तकनीकी का उपयोग किया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य छत्तीसगढ़ के सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करना और राज्य के भविष्य को उज्ज्वल बनाना है ।

> ■ सरकारी स्कूलों की गुणवत्ता परखने आमटी में निरीक्षण







